पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 11.11.2024

विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 03 वांछित अभियुक्त एवं NBW में 04 वारण्टी गिरफ्तार।

दिनांक- 10/11.11.2024 को-

01-थाना सुशान्त गोल्फ सिटी में पंजीकृत मु0अ0सं0 504/24 धारा 304 IPC से सम्बन्धित अभियुक्त प्रकाश कुमार

02-थाना विभूतिखण्ड में पंजीकृत मु0अ0सं0 387/24 धारा 318(4)/316(2)/317(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त गुरुप्रसाद यादव

03-थाना ठाकुरगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 303/24 धारा 87/137(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त सौरभ रावत गिरफ्तार।

एवं

NBW में थाना काकोरी से 03, थाना नाका हिण्डोला से 01 वाँछित वारण्टी गिरफ्तार।

जोन- उत्तरी

थाना गाजीपुर-

दिनांक 10.11.2024 को वादी श्री अजीत कुमार श्रीवास्तव निवासी-अमरावती अपार्टमेन्ट सर्वोदयनगर, लखनऊ ने थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दिया जिसमें 09.11.2024 को समय करीब दोपहर 12.10 बजे वादी अपने निवास स्थान से कार्यालय विभूतिखण्ड गोमतीनगर अपनी कार जा रहा था रास्ते में पालिटेक्निक चौराहे पर लालबत्ती होने के कारण रूका था, सिग्नल ग्रीन होने के बाद जैसे ही वादी ने गाड़ी आगे बढ़ाई तो एक पैदल व्यक्ति ड्राइवर सीट की तरफ से शीशा खटखटाने लगा और चिल्लाने लगा कि मेरे पैर पर गाड़ी लग गयी है, परन्तु ऐसा कुछ नही था, मैने जैसे ही खिड़की खोल के पूछा तभी दो व्यक्ति मेरी दुसरी तरफ की खिड़की को जोर-जोर से खटखटाने लगे तब तक सिग्नल लाल हो गया। जिससे मैने दूसरी तरफ का शीशा खोल कर उन्हे समझाने का प्रयास किया, लेकिन तीनों व्यक्ति नोक-झोक करने लगे, परन्तु उतने में ही फिर सिग्नल ग्रीन हो गया,उसके बाद वादी ने अपनी गाड़ी आगे बढ़ाया तो देखा कि मेरा आईफोन-15 जो ड्राइविग शीट पर रखा था, वह उन अज्ञात लोगो द्वारा चोरी कर लिया गया, तथ्य अंकित है। **वादी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना गाजीपुर पर मु0अ0सं0- 490/2024 धारा 318(4)/303(2) बीएनएस बनाम 03 अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज चेक कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

<u>थाना बीकेटी-</u>

दिनांक 11.11.2024 को समय करीब 14.34 बजे 100 शैय्या अस्पताल साढामऊ बीकेटी द्वारा एक किता मेमो थाना स्थानीय पर इस आशय से भेजा गया कि आज दिनांक 11.11.2024 को समय करीब 13.00 बजे पर मुकेश यादव उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र हरिपाल यादव निवासी जुगौर लखनऊ को मृत अवस्था में इस अस्पताल में 108 एम्बुलेंस द्वारा लाया गया। **इस सूचना पर तत्काल उ0नि0 श्री अरूण कुमार द्वारा मौके पर पहुंचकर परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचायतनामा भर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।** जिनके द्वारा बताया गया कि मुकेश यादव निवासी जुगौर थाना बीबीडी लखनऊ व उसका चचेरा भाई अकिंत उम्र करीब 15 वर्ष पुत्र राजेश यादव निवासी उपरोक्त मो0सा0 पर किसान पथ से बीकेटी की तरफ आ रहे थे कि ग्राम गोरवा मऊ बीकेटी के पास इनकी मो0सा0 की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गयी। जिससे मुकेश यादव व अकिंत घायल हो गये, जिन्हें इलाज हेतु एम्बुलेंस की मदद से 100 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा मुकेश यादव उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया गया एवं घायल अकिंत उपरोक्त का इलाज हिन्द हॉस्पिटल सफेदाबाद बाराबंकी में चल रहा है।